# GOVT. DEGREE COLLEGE NAGROTA SURIAN

TEH. NAGROTA SURIAN, DISTT. KANGRA (H.P.)-176027

Phone No : 01893-293686 Email:gcnagrotasuriyan-hp@nic.in


**Reference No.- EDN-GDC-NGRS-G(5) 1/2014-** 321 **Date:-** 31/07/2026

## छात्रवृत्ति-सूचना

महाविद्यालय के सभी छात्रवृत्ति लाभार्थी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा छात्रवृत्ति की राशि **Direct Benefit Transfer (DBT)** के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी गई है। अतः सभी विद्यार्थी अपने बैंक खातों की जाँच अवश्य करें।

यदि किसी विद्यार्थी को **शैक्षणिक सत्र 2023-2024, 2024-2025 अथवा 2025-2026** की छात्रवृत्ति राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है, तो कृपया निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करें—

1. **सर्वप्रथम यह सुनिश्चित करें कि आपका बैंक खाता आधार (Aadhaar) से लिंक है**, क्योंकि छात्रवृत्ति की राशि केवल **DBT (आधार आधारित बैंक खाते)** में ही भेजी जाती है। इसके लिए आप UIDAI की वेबसाइट https://tathya.uidai.gov.in/ पर लॉग-इन करें तथा **Aadhaar Seeding Status** में अपने आधार से जुड़े बैंक खाते की जानकारी देखें। यदि आपका बैंक खाता लिंक एवं **Active** प्रदर्शित हो रहा है, तो अपने बैंक खाते की जाँच करें। संभव है कि छात्रवृत्ति की राशि उसमें जमा हो चुकी हो।
2. यदि आपका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है, तो आप **NPCI** की वेबसाइट **https://base.npci.org.in/** पर जाकर अपने बैंक खाते की आधार सीडिंग (Aadhaar Seeding) कर सकते हैं।
3. यदि आपने पिछले कुछ महीनों से अपने बैंक खाते का उपयोग नहीं किया है, तो कृपया खाते में कुछ राशि जमा करके अथवा निकालकर उसे पुनः सक्रिय (Active) कर लें, क्योंकि निष्क्रिय खाते में DBT प्राप्त होने में समस्या आ सकती है।
4. यदि आप स्वयं आधार सीडिंग अथवा बैंक खाते को सक्रिय करने में सक्षम नहीं हैं, तो संबंधित बैंक शाखा में जाकर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करवाएँ।
5. यदि इस प्रक्रिया से संबंधित किसी प्रकार की समस्या, प्रश्न अथवा जिज्ञासा हो, तो आप **डॉ. राजेश कुमार (संस्कृत प्राध्यापक)** से संपर्क कर सकते हैं।

**विशेष सूचना** -सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि **शैक्षणिक सत्र 2026-2027** के लिए **राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (National Scholarship Portal - NSP)** पर छात्रवृत्ति आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन की **अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2026** है। सभी पात्र विद्यार्थी **https://scholarships.gov.in/** के माध्यम से समय रहते ऑनलाइन आवेदन करें तथा पोर्टल पर दिए गए सभी निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करें।

Rajesh

**संयोजक**
**(छात्रवृत्ति एवं वित्तीय सहायता समिति)**
**राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियाँ**

**डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल**
Principal
Govt Degree College
Nagrota Surian,
Distt. Kangra (HP)-176027